प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

27.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

न्यूनतम वेतन

केंद्र सरकार ने परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम वेतन दर में बढोतरी करने की घोषणा की है। नई वेतन दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी। न्यूनतम वेतन दर अकुशल, अर्द्व कुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल स्तरों के आधार पर वर्गीकृत की गई हैं। इस वर्गीकरण में भौगोलिक क्षेत्रों ए, बी और सी का भी ध्यान रखा जाता है। संशोधन के बाद ए श्रेणी के क्षेत्रों में निर्माण, सफाई, स्वच्छता और लदान–उतरान के कार्य से जुडे अकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 783 रुपए प्रतिदिन होगी। अर्द्व कुशल कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 868 रुपए रोजाना होगी। कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 9 सौ 54 रुपए प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल कामगारों और सशस्त्र गार्ड के लिए न्यूनतम वेतन एक हजार 35 रुपए प्रतिदिन तय किया गया है।

चिंतपूर्णी महोत्सव

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर का 250 करोड़ रूपए से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वे चिंतपूर्णी महोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस महोत्सव का स्वरूप और भव्य होगा जिसमें देश ही नहीं बल्कि विदेश के कलाकारों की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेगी। इस मौके पर उन्होंने चिंतपूर्णी महोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा प्रदान करने की घोषणा भी की। उप मुख्यमंत्री ने लोगों की सुविधा के लिए अंब में नया बस अडडा और जलशक्ति विभाग का विश्रामगृह बनाने की घोषणा भी की। मुकेश अग्निहोत्री ने कार्यक्रम के दौरान अंब निवासी पैरा ऐथलिट निषाद कुमार को भी सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार दो पैरा ओलंपिक में रजत पदक जीतने की बेमिसाल उपलब्धि से निषाद ने न केवल देश बल्कि प्रदेश का भी मान बढ़ाया है।

वेबसाइट प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने नागरिकों के आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसी कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है जो नागरिकों की निजी संवेदनशील पहचान सहित आधार और पैन की जानकारी उजागर कर रही थीं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में आधार अधिनियम, 2016 की धारा 29 (4) के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय कम्पयूटर

आपातकालीन टीम ने इन वेबसाइट्स में सुरक्षा की कुछ कमियां पाई हैं। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

पर्यटन दिवस

आज विश्व पर्यटन दिवस है। ये दिन 27 सितंबर 1980 से मनाया जा रहा है। विश्व पर्यटन संगठन का अधिनियम इसी दिन से अस्तित्व में आया था। पर्यटन मंत्रालय आज नई दिल्ली में पर्यटन और शांति विषय पर पर्यटन दिवस मनाएगा। प्रदेश में भी आज विश्व पर्यटन दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ जिलों में वर्षा हुई है जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ जिलों में वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** की सुर्खी है **अब सरकार ने कहा–दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का फैसला नहीं लिया। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **मंत्री विक्रमादित्य के निर्देशों पर पानी, सरकार बोली–ऐसा निर्णय नहीं लिया।**

मानसून की बारिश से हुए नुक्सान की खबर को **दैनिक भास्कर ने** शीर्षक दिया है **पांवटा में बादल फटा, घराट पर मलबा गिरने से एक की मौत, अंबोया पुल टूटा। पंजाब केसरी** की सुर्खी है **कांनसर के जंगल में फटा बादल, हटवाल में बुजुर्ग घराट में दबा, 2 फुट ब्रिज भी ध्वस्त। आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल में विदाई से पहले मानसून ने बरपाया कहर। दिव्य हिमाचल** लिखता है **पांवटा में बारिश–बाढ़ से भारी तबाही एक व्यक्ति की मौत, 100 परिवार बेघर।**

पालमपुर में 200 करोड़ रूपए की लागत से शुरू होंगी एग्रो इको टूरिज्म गतिविधियां दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है।

क्लास थ्री में 21 साल बाद रेगुलर भर्ती शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **कोर्ट के आदेश पर स्पेशल एजुकेटर के 245 पद भरेगी हिमाचल सरकार।**

कोच्ची से बिलासपुर पहुंचा उत्तरी भारत का पहला क्रूज पंजाब केसरी की एक खबर है।